नियुक्ति प्रक्रिया

पदों का विज्ञापन प्रेषित करना :–

राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर तथा स्थानीय स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों में पदों की नियुक्ति हेतु संक्षेप में विज्ञापन प्रेषित किये जावेगें। इसके अतिरिक्त विज्ञापन मिशन व शासन की वेबसाइट www.sbmgcg.in www.cgstate.gov.in में उपलब्ध होगा। पदों से संबंधित विस्तृत जानकारियों, आवेदन प्रक्रिया, अर्हताएं व job Description का विवरण आदि मिशन वेबसाइट में उपलब्ध होंगे।

संविदा भर्ती हेतु रिक्त पद –

क.	पद का नाम	पदों की संख्या	मानदेय प्रतिमाह	पद का प्रकार
01.	सलाहकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM)	01 – अनारक्षित	60000/–	संविदा
02.	सलाहकार मैनेजमेंट इंफार्मेसन सिस्टम (MIS)	01 – अनारक्षित	60000/–	संविदा
03.	विषय विशेषज्ञ, (SLWM) (प्रशिक्षक, जल एवं स्वच्छता प्रकोष्ठ)	01 – अनारक्षित	40000/–	संविदा
04.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	01 – अनारक्षित	25000/–	संविदा
05.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सह सहायक श्रेणी–3	03 पद (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जनजाति, 01 पद अ.पि.व. हेतु आरक्षित)	12000/–	संविदा
06.	सहायक ग्रेड–3	02 पद (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित)	5200–20200 + ग्रेड वेतन 1900 संविदा वेतन* – 10612/– एकमुश्त	संविदा

संविदा वेतन* – वित्त निर्देश 30/2015, दिनांक 23 सितम्बर 2015 के आधार पर।

क्र.	पदनाम	न्यूनतम अर्हता	
		शैक्षणिक अर्हता	संबंधित अनुभव
01.	सलाहकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM)	अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी. ई/बीटेक सिविल इंजीनियरिंग/ इन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग / एम.एससी. इन्वायरमेंट साइन्स	स्वच्छता के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव अनिवार्य। डी.पी.आर. तैयार करने एवं ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य क्रियान्वयन का अनुभव वांछनीय
02.	सलाहकार मैनेजमेंट इंफार्मेसन सिस्टम (MIS)	अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी.ई. /बी.टेक कम्प्यूटर साईंस /एम.सी.ए. /एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस	न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव अनिवार्य। स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय
03.	विषय विशेषज्ञ, (SLWM) (प्रशिक्षक, जल एवं स्वच्छता प्रकोष्ठ)	अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी. ई/बीटेक सिविल इंजीनियरिंग/ इन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग / एम.एससी. इन्वायरमेंट साइन्स	स्वच्छता के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव अनिवार्य। प्रशिक्षण कार्य का अनुभव वांछनीय
04.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी.ई. /बी.टेक कम्प्यूटर साईंस /एम.सी.ए. /एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस	न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य करने का अनुभव अनिवार्य।
05.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सह सहायक श्रेणी–3	(1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) उत्तीर्ण **अथवा** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्रापत विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। **अथवा** कक्ष 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिस्तरीय डिप्लोमा। (2) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा (3) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)	–
06.	सहायक ग्रेड–3	(1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) उत्तीर्ण **अथवा** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्रापत विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।	–

क्र.	पदनाम	न्यूनतम अर्हता	
		शैक्षणिक अर्हता	संबंधित अनुभव
		(2) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा (3) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)	

आवेदन करने की प्रक्रियाः–

सभी पदों के लिए आवेदन ऑनलाईन प्राप्त किये जायेगे।

आवेदनों की छटनी एवं चयन प्रक्रिया :–

सरल क्र. 1 से 4 के लिए (सलाहकार, विशेषज्ञ एस.एल.डब्ल्यू.एम., एम.आई.एस., कम्प्यूटर प्रोग्रामर के लिए)

उम्मीदवारों की शैक्षणिक अहर्ताओं में प्राप्ताकों के आधार पर वरीयता क्रम में 50 उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी। शैक्षणिक अर्हता में प्राप्ताकों की गणना निम्नानुसार होगीः–

परीक्षा	गणना
निर्धारित न्यूनतम योग्यता	प्राप्तांक का 50 प्रतिशत

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर अथवा अन्य डिग्रियां प्रस्तुत की जाती है तो संबंधित विषय में अधिकतम अंक वाली डिग्री में प्राप्तांकों को मूल्यांकन के लिए शामिल किया जाएगा। अभ्यार्थियों के आवेदनों में उल्लेखित अनुभव का मूल्यांकन छटनी समिति द्वारा किया जावेगा। अनुभव के मूल्यांकन हेतु अधिकतम अंक निम्नानुसार होंगें :–
अनुभव हेतु प्राप्त अंकों की गणना :–

प्रासंगिक अनुभव (Relevant Experience)	05 वर्ष तक *	05 वर्ष से अधिक–07 वर्ष तक	07 वर्ष से अधिक–10 वर्ष तक	10 वर्ष से अधिक 13 वर्ष तक	13 वर्ष से अधिक
	60	70	80	90	100

* न्यूनतम अनुभव से 05 वर्ष तक।

उम्मीदवारों की शैक्षणिक अहर्ता में प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत तथा अनुभव में छंटनी समिति द्वारा अनुभव के 100 अंकों पर किये गये मूल्यांकन का 50 प्रतिशत के योग के आधार पर वरीयता क्रम की गणना की जावेगी।

दावा अपत्ती – वरीयता क्रम की सूची दावा आपत्ती हेतु जारी की जावेगी।

समूह चर्चा एवं साक्षात्कार :–

प्रत्येक पद के विरूद्ध 10 उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार आयोजित किया जावेगा। समूह चर्चा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया गठित पैनल के माध्यम से पूरी की जानी है। छटनी/साक्षात्कार समिति में निम्नानुसार सदस्य होंगे:–

1. मिशन संचालक, एस.बी.एम.जी. – अध्यक्ष
2. अपर मुख्य सचिव, पंग्राविवि द्वारा मनोनित – 01 सदस्य
3. ओ.एस.डी. (तक.) एस.बी.एम.जी. – सदस्य
4. लेखाधिकारी, एस.बी.एम.जी. – सदस्य

समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के अंतर्गत अभ्यर्थी का संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने की इच्छाशक्ति के आंकलन पर विशेष ध्यान रखते हुए किया जायेगा।

अभ्यार्थियों को समूह चर्चा में 40 अंक एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार में 60 अंक निम्न बिन्दुओं के आधार पर अंक दिये जाएंगे :–

Methodology	Attributes to be assessed	Assessment Pattern
Group Discussion	• Group Facilitation skill • Leadership skill • Conflict Resolution skill • Decision making skill • Community organization skill • Perseverance	Group discussion will focus to capture • Task orientation initiative, logical submission, generating ideas, evaluation, building on other's ideas etc. • Process – coordination, listening other's politeness, conflict resolution, accept criticism, consensus building etc. • Maladaptation – withdrawal, domination, cross talk, abusive etc. Grade/Score will be given by panel through observation.

Interview	• Conceptual clarity on poverty in local context, development principle and strategies. • Thematic knowledge based on positions • Vision to work with poor • Relevant experience (quality and suitability for the position) • Positive behavioural and personality traits	Interview will focus to verify the relevance of experience its quality and how it suits to SBM (G) work. Commitment, confidence, communication and motivation aspect will be explored though interaction. Special attention will be indentify candidates willingness to work for sanitation programme. Grade /score will be given by panel based on their assessment.

चयन सूची जारी करना :–

समूह चर्चा एवं साक्षात्कार उपरांत अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थी की सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी की जावेगी।

आवेदनों की छटनी एवं चयन प्रक्रियाः – सरल क्र. 5 से 6 के लिए (डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सह सहायक श्रेणी–3 तथा सहायक ग्रेड–3, के लिए)

उम्मीदवारों की शैक्षणिक अहर्ताओं में प्राप्ताकों के आधार पर वरीयता क्रम में 50 उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी। शैक्षणिक अर्हता में प्राप्ताकों की गणना निम्नानुसार होगीः–

परीक्षा	गणना
निर्धारित न्यूनतम योग्यता	प्राप्तांक का 50 प्रतिशत

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक विषयों में स्नातक अथवा अन्य डिग्रियां प्रस्तुत की जाती है तो संबंधित विषय में अधिकतम अंक वाली डिग्री में प्राप्तांकों को मूल्यांकन के लिए शामिल किया जाएगा। प्रथम 50 स्थान पर आये हुए अभ्यार्थियों के आवेदनों में उल्लेखित अनुभव का मूल्यांकन छटनी समिति द्वारा किया जावेगा। अनुभव के मूल्यांकन हेतु अधिकतम अंक निम्नानुसार होंगें :–
अनुभव हेतु प्राप्त अंकों की गणना :–

प्रासंगिक अनुभव (Relevant Experience)	01 वर्ष	02 वर्ष	02 वर्ष से अधिक
	10	20	25

उपरोक्त अनुभव के अंक केवल केन्द्र/राज्य सरकार के किसी विभाग में कार्यरत होने पर ही प्रदाय होगे। प्रायवेट संस्था के अनुभव के अंक नहीं दिये जायेगे।

उम्मीदवारों की शैक्षणिक अहर्ता में प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत तथा अनुभव में छंटनी समिति द्वारा अनुभव के 25 अंकों पर किये गये मूल्यांकन के योग के आधार पर वरीयता क्रम की गणना की जावेगी।

दावा आपत्ती :– वरीयता क्रम सूची जारी की जाकर दावा आपत्ती आमंत्रित की जावेगी।

कौशल परीक्षा – वरीयता क्रम में प्रत्येक पद के विरूद्ध 20 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। कौशल परीक्षा में प्राप्तांक का 50 प्रतिशत कुल अंको में जोड़ा जायेगा।

चयन समिति निम्नानुसार रहेगी –

1. मिशन संचालक, एस.बी.एम.जी. – अध्यक्ष
2. अपर मुख्य सचिव, पंग्राविवि द्वारा मनोनित – 01 सदस्य
3. ओ.एस.डी. (तक.) एस.बी.एम.जी. – सदस्य
4. लेखाधिकारी, एस.बी.एम.जी. – सदस्य

दस्तावेजों का सत्यापन :–

प्रत्येक पद के विरूद्ध छटनी किये गये वरीयता प्राप्त उम्मीदवारों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को स्वप्रमाणित छायाप्रति (प्रति आवेदित पद हेतु) प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

अभ्यार्थियों को सूचना देना :–

प्राप्त आवेदनों की छटनी के उपरांत सत्यापन, कौशल परीक्षा/समूह चर्चा एवं साक्षात्कार हेतु योग्य पाये गये उम्मीदवारों की सूची मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अनुमोदन उपरांत मिशन व शासन की वेबसाइट www.sbmgcg.in **व** www.cgstate.gov.in में प्रकाशित की जाएगी। साथ ही उम्मीदवारों को सूचना देने के लिए निम्न माध्यमों का उपयोग किया जाएगा :–

1. पत्र का प्रेषण (अनिवार्य)

2. ई–मेल (वैकल्पिक)
3. फोन कॉल व एस.एम.एस. (वैकल्पिक)

चयनित किये गये उम्मीदवार के अतिरिक्त प्रत्येक पद के विरूद्ध प्रतीक्षा सूची जारी की जावेगी। भविष्य में रिक्त स्थानों के लिए उम्मीदवार प्रतीक्षा सूची में से लिए जा सकेंगे।

आयु सीमाः–

प्रत्येक पद के लिए आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष होगी। सेवानिवृत्त कर्मी के लिए अधिकम 65 वर्ष।

आरक्षण :–

छ.ग. शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम लागू होंगे।

नियम एवं शर्तें –

1. आवेदन मात्र ऑनलाईन वेबसाईट से ही प्राप्त किये जायेगे।
2. आवेदन की अंतिम तिथि 19.08.2017 है, इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष तथा सेवानिवृत्त कर्मी के लिए अधिकम 65 वर्ष। आयु की गणना 01.07.2017 के आधार पर की जावेगी।
4. संविदा नियुक्ति अधिकतम परियोजना अवधि तक के लिए होगी। संविदा नियुक्ति आदेश 01 वर्ष के लिए जारी किया जावेगा, आवश्यकता होने पर एवं कार्य संतोषप्रद होने पर आगामी 01 वर्ष हेतु संविदा अवधि बढ़ाई जा सकती है।
5. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
6. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होगे।
7. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
8. अपूर्ण /अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा एवं कोई सूचना नहीं दी जायेगी।
9. नियुक्ति के संबंध में मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का निर्णय अंतिम होगा।

17.7.2017

मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
छत्तीसगढ़